भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 179

उत्तर देने की तारीख 20.07.2026

हस्तलिपि पुस्तकों और अभिलेखों तथा दस्तावेजों का परिरक्षण

179. डॉ. थोल तिरूमावलवन :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ताड़ के पत्तों, भोजपत्र, चर्मपत्र, पेपिरस आदि पर परिरक्षित हस्तलिपि पुस्तकों/अभिलेखों/दस्तावेजों की संख्या कितनी है और उनकी समयावधि कितनी है; और

(ख) केंद्र सरकार और प्रत्येक राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र द्वारा संरक्षित ऐसी हस्तलिपियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): ज्ञान भारतम, संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्तमान में अपने स्वयं के पोर्टल पर उपलब्ध पांडुलिपियों के रिकॉर्ड का रखरखाव किया जाता है। तदनुसार, ज्ञान भारतम पोर्टल पर उपलब्ध पांडुलिपियों का सामग्री-वार विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	**सामग्री**	**पांडुलिपियों की संख्या**
i.	कागज़	83045
ii.	ताड़ पत्र	5772
iii.	भोज पत्र	3
iv.	चर्मपत्र	0

तथापि, प्रत्येक पांडुलिपि भिन्न ऐतिहासिक अवधि से संबंधित होती है और उसकी कालावधि सुनिश्चित करना सामान्यत: पांडुलिपि के अनुसंधान और डी-कोड करने के अध्यधीन एक निरंतर प्रक्रिया है।

*****